# राज्य में संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा राइजिंग राजस्थान : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने की 'राइजिंग राजस्थान' की समीक्षा, कहा, ''राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने के सफर में राइजिंग राजस्थान महत्वपूर्ण पड़ाव होगा''
- विकसित भारत-विकसित राजस्थान थीम पर आयोजित होगी प्रदर्शनी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था को अगले 5 सालों में 350 बिलियन डॉलर बनाने के सफर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। उन्होंने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाला यह समिट राज्य में सम्भावनाओं के नए द्वार खोलेगा और राज्य को देश-दुनिया में निवेश के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसमें होने वाले निवेश समझौतों से प्रदेश की हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति होगी और युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ 9, 10 व 11 दिसम्बर को होने वाले विभिन्न आयोजनों, देश और विदेश से आने वाले अतिथियों के आगमन, उनके ठहरने तथा आयोजन स्थल से जुड़ी विभिन्न तैयारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अजिताभ शर्मा तथा शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति श्री रवि जैन ने अपने-अपने विभागों से जुड़ी तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राजधानी जयपुर सहित राज्य के सभी जिलों में प्रमुख स्थानों पर इससे संबंधित होर्डिंग्स एवं बैनर लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से सोशल मीडिया पर भी आयोजन का प्रमुखता से प्रचार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल की सजावट, अतिथियों की बैठक व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों के विषय में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन से जुड़ी छोटी से छोटी तैयारियों का एक विस्तृत रोड़ मैप तैयार कर उन्हें अन्तिम रूप दिया जाए।

बैठक में बताया गया कि समिट के दौरान विकसित भारत-विकसित राजस्थान थीम पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्थान तथा समिट में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के अलग-अलग जोन होंगे। राजस्थान जोन में प्रदेश के प्रमुख उद्योगों, खनिजों, पर्यटन स्थलों तथा कला-संस्कृति के बारे में एलईडी स्क्रीन, 3-डी प्रजेंटेशन तथा विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। साथ ही, राजस्थान में नए क्षेत्रों में औद्योगिक सम्भावनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रदर्शनी में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के तहत जयपुर के सांगानेरी प्रिंट सहित अन्य जिलों के प्रमुख उत्पादों को दर्शाते हुए 3-डी तकनीक के माध्यम से राजस्थान के रमणीय एवं पर्यटन स्थलों के बारे में बताया जाएगा।

शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति रवि जैन ने मुख्यमंत्री को 9 और 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री शर्मा ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में राजस्थान की कला और संस्कृति की छाप नजर आए तथा स्थानीय लोक कलाकारों को इसमें विशेष प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक इन्द्रजीत सिंह, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी सौरभ स्वामी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नियोजित शहरों में से एक : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर शहर के 297वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि जयपुर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान करने के साथ ही यहाँ आधुनिक विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जयपुर के परकोटे में सौ करोड़ के विकास कार्य करवाये जा रहें हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को स्थापना दिवस के उपलक्ष में नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से स्टेचू सर्किल पर आयोजित दीपदान एवं रौशनी कार्यक्रम जयपुर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जयपुर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और नियोजित शहरों में से एक है। यह युनेस्को की विश्वधरोहर में शामिल है। यह एक ऐसा शहर है जिसकी स्थापना सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वारा 18 नवम्बर 1727 में पूर्ण वैज्ञानिक तरीके से तथा वास्तुशास्त्र के आधार पर की गई है। इस शानदार और अद्धभुत शहर का वास्तु नियोजन विद्याधर भट्टाचार्य ने किया। सवाई जयसिंह द्वितीय खगोलशास्त्र में निपुण थे। जयपुर में जंतर मंतर की स्थपना किया जाना इसका बेहतरीन उदाहरण है। जयपुर की स्थापना के 300 साल पूरे होने वाले हैं। यहाँ की चौड़ी सड़कें जिन पर आज भी सुगमता से परिवहन होता है। यहाँ के ड्रेनेज़ सिस्टम, जो आज भी प्राभवी तरीके से काम कर रहा है। जयपुर का हवा महल, सिटी पैलेस, बाजार, चौराहे, मंदिर सभी शानदार और आधुनिक नगर नियोजन के बेहतरीन उदाहरण हैं। दुनिया भर से शोध करने वाले जयपुर के नगर नियोजन पर शोध करते हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सब जयपुर के नगर नियोजन के देख अचंभित हो जाते हैं, अचरज में पड़ जाते हैं। जयपुर विश्व धरोहर है यह गर्व की बात है। जयपुर विश्व पर्यटन मानचित्र में विशेष स्थान रखता है यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज हम इस सुनियोजित शहर के बनने से संवरने के 297 वर्षों के सफर का उत्सव मना रहे हैं यह गर्व और खुशी की बात है। दिया कुमारी ने आयोजन की विधिवत शुरुआत नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के साथ दीप प्रज्जवलित करके की। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा ढोल, नंगाड़े, शहनाई वादन, कच्छी घोड़ी नृत्य सहित गायन और लोक नृत्यों कि शानदार प्रस्तुतियां दी। जयपुर स्थापना के इस आयोजन में सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी, पार्षदगण और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



जयपुर के 297वे स्थापना दिवस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्टेचू सर्किल पर आयोजित दीपदान एवं रौशनी कार्यक्रम में भाग लियानगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से स्टेचू सर्किल पर आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर सौम्या गुर्जर मौजूद रहीं।

# अल्बर्ट हॉल पर गूंजा ''हैप्पी बर्थ डे जयपुर''

**जयपुर (कासं)।** जयपुर शहर के 297वें जन्मदिन पर सोमवार को हेरिटेज निगम की ओर से अल्बर्ट हॉल पर रंगारंग कार्यक्रम जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एंजॉय करते हुए जयपुर का बर्थ डे सेलिब्रेट किया। हैरिटेज निगम महापौर

- कार्यक्रम में कालबेलिया नृत्य और थानू खा और शहरिया जनजाति का नृत्य की प्रस्तुति रही विशेष आकर्षण

कुसुम यादव ने बताया कि गुलाबी नगरी के 297 साल पूरे होने पर पिछले एक माह से अनवरत जयपुर समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को समारोह का समापन जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित कर किया गया। इस दौरान राजस्थानी लोक संस्कृति को साकार करते हुए 150 से ज्यादा राजस्थानी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर शहरवासियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा, विधायक प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवाड़ा, ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उप महापौर पुनीत कर्णावत सहित पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि जयपुर स्थापना के अवसर पर हैरिटेज निगम की ओर से आयोजित जयपुर लोकरंग उत्सव में राजस्थानी कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुति दी। जिनमें चरी नृत्य, उमराव, शहरिया नृत्य, चंग धमाल, घूमर नृत्य, भवई डांस की प्रस्तुति दी गई। वहीं कालबेलिया नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा के कालबेलिया नृत्य से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा सुपर स्टार गायक थानू खा ने राजस्थानी गीत गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी की।



जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी गीतों की महफिल सजी जिसमें 150 कलाकारों ने प्रस्तुति देकर समां बांधा।

## मान्यावास में पेयजल के लिए शिविर लगाया

**जयपुर।** वार्ड 68 मान्यवास स्थित कॉलोनियां शिव विहार, एबीसी, ज्ञान विहार, अशोक विहार मोहन नगर इंजीनियर कॉलोनी, श्री राम विहार तीजा बिहार आदि में पेयजल कलेक्शन हेतु शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 190 फाइल प्राप्त हुई। इस अवसर पर पार्षद हरीश शर्मा ने बताया कि शिविर मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्देश अनुसार लगाया गया है।

# लोकतंत्र में गुंडागर्दी, दादागिरी या फिर बाहुबलियों की राजनीति नहीं चलेगी : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान राजनीति में गुंडागर्दी, दादागिरी और बाहुबलियों के खिलाफ जमकर प्रहार किया। राठौड़ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लोग गुंडागर्दी और दादागिरी के आधार पर राजनीति कर रहे है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है, यहां बाहुबलियों की नहीं, जनता की सेवा करने वाले लोग राजनीति में आगे बढ़ते है। राजनीति में ऐसे बाहुबलियों, गुंडागर्दी करने वाले लोगों को सरंक्षण देने की आवश्यकता नहीं है।

मदन राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में गुंडागर्दी की राजनीति नहीं चलेगी, दादागिरी और बाहुबलियों की राजनीति नहीं चलेगी। लोकतंत्र में हमारे मतदाताओं को फैसला करना चाहिए

- 'राहुल गांधी को देश की राजनीति और देश की परिकल्पना को समझने की जरूरत'

कि क्या ऐसे पहलवान, बाहुबली, दादागिरी करने वाले या गुंडागर्दी करने वालों को राज देना है या फिर कानून सम्मत चलने वाले, सेवा करने वाले सभ्य समाज के लोगों को महत्व देना है। राठौड़ ने मीडिया से आव्हान किया कि ऐसे व्यक्ति तो बाहुबलियों और गुंडागर्दी की बात करते हैं, उसको कतई महत्व नहीं दें। राजनीति और राज्य बाहुबलियों से नहीं कानून से चलेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर कहा कि राहुल गांधी को अभी समझने और अध्ययन करने की जरूरत है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता होने के बावजूद तथ्यहीन, आधारहीन और महत्वहीन बातें करते है, कभी वे आलू से सोना, कभी लाल मिर्च बुवाई तो कभी जलेबी की फैक्ट्री जैसे अर्थ हीन बयान जारी कर देते हैं। ऐसे में उनका कोई जवाब ही नहीं बनता। भाजपा एक रहने की बात करती है तो कांग्रेस हमेशा देश को तोड़ने, समाज को विभाजित करने और तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देने की बात करती है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो देश के 140 करोड़ भारतीयों को एक मानते है, अपने परिवार का सदस्य मानते है, समाज को एक करने की बात करते है। मोदी धर्म समाज की बात नहीं करते, बल्कि देश के समाज की बात करते है और उन्हें एक करने की बात करते है। देश का समाज एक रहे इसमें किसी को क्या दिक्कत हो सकती है। समाज एक रहेगा तो सेफ रहेगा, वहीं समाज बिखरेगा तो टूटेगा, बटेगा तो कटेगा यह सब जानते है।

राठौड़ ने कहा कि आज समाज को तोड़ने का काम कौन कर रहा है, यह सब जानते है। कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने और बांटने का काम किया। समाज को भी तोड़ने और बांटने का षडयंत्र कांग्रेस रच रही है। भाजपा राष्ट्र चरित्र युक्त नागरिक बने, इस देश के प्रति समर्पण का भाव सबके मन में हो, इस के लिए भाजपा एक रहो सेफ रहो के नारे पर जोर दे रही है। जो देश आपस में बंटे है, वहां के हालात आज सबके सामने है।

## ढूँढाड़ परिषद ने जयपुर स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर।** ढूँढाड़ परिषद की ओर से केक काट कर जयपुर का 297वां स्थापना दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष स्टेच्यू सर्किल पर मनाया। जिसमें ढूँढाड़ परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विजय पाल कुमावत ने जैपुर के इतिहास, परम्परा आदि की जानकारी देने के साथ ही ये कहा की म्हे जैपुर का छा औऱ माको जैपुर छ ई सु ई की चिंता आपणा लोगा न ही करणी पडेली, औऱ साथ पहले क्या अब क्या क्या बदल गया इसकी जानकारी दी प्रसिद्ध इतिहासकार जितेंद्र सिंह शेखावत ने ढूंढाड़ी भाषा कला ,संस्कृति औऱ संस्कार को बचाने की दिलाई । परिषद के महामंत्री अजय विजयवर्गीय ने ढूँढाड़ परिषद के क्रियाकलापो की जानकारी दी एवं मंत्री एवं स्तम्भ लेखक राकेश जैन ने ढूँढाड़ के प्रमुख शख्शियतों की जानकारी दी।

## अस्पतालों के पास फायर एन.ओ.सी. नहीं होने पर हाईकोर्ट ने लिया स्वप्रेरित प्रसंज्ञान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं होने से जुडे मामले में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा सचिव और नगर निगम आयुक्त सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए। खंडपीठ ने अधिवक्ता राजेश मूथा को प्रकरण में न्यायमित्र नियुक्त करते हुए उन्हें इस मामले में कोर्ट का सहयोग करने को कहा है।

अदालत की नियमित सुनवाई के दौरान अदालत के ध्यान में लाया गया कि झांसी के अस्पताल में आगजनी से कई नवजातों की मौत हुई है। वहीं शहर के भी कई अस्पतालों में आगजनी रोकने के पर्याप्त साधन नहीं हैं। यहां तक की कई चिकित्सालयों के पास को फायर एनओसी तक भी नहीं है। अधिवक्ता राजेश मूथा की ओर से एक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार का हवाला देते हुए अदालत को बताया गया कि अस्पतालों में सुरक्षा की गंभीर स्थिति को लेकर कई हादसों के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे में अदालत को मामले में दखल देकर इस संबंध में राज्य सरकार को दिशा-निर्देश देने चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## मदन दिलावर आज कोलकाता रवाना होंगे

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान सम्मिट 2024 के तहत शिक्षा विभाग में निवेश को लेकर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व में शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल 19 नवंबर को प्रातः 7:30 पर हवाई मार्ग से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

प्रतिनिधि मंडल 19 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे कोलकाता पहुंचेगा। इसी दिन प्रात 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पश्चिम वांग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन संस्था के सहयोग से आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में प्रमुख राजस्थानी व्यवसाईयों से भेंट वार्ता करेगा। दोपहर 3 से 4 तक प्रवासी राजस्थानी व्यवसाईयों के साथ व्यक्तिगत मुलाकात रहेगी। इसी दिन सायं 5 बजे कांस्टीट्यूशन क्लब कोलकाता में प्रमुख प्रवासी राजस्थानियों के साथ मीटिंग रहेगी।

# होमगार्ड को न्यूनतम वेतनमान व अन्य भत्ते देने का आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट अदालती आदेश के बाद और सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को राहत नहीं मिलने पर भी होमगार्ड को न्यूनतम वेतनमान सहित अन्य भत्ते नहीं देने को गंभीर माना है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह इस संबंध में पूर्व में दिए आदेश की दो सप्ताह में पालना करे। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने डीजी होमगार्ड को पेश होकर आदेश की पालना नहीं करने का कारण बताने को कहा है। जस्टिस नरेंद्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश होमगार्ड समन्वय समिति की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा और अधिवक्ता पूजा शर्मा ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने 27 मार्च 2023 को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह होमगार्ड को न्यूनतम वेतनमान सहित पुलिसकर्मियों के समान अन्य भत्ते दें। इसके बावजूद राज्य सरकार व होमगार्ड विभाग ने हाईकोर्ट के इन निर्देशों का पालन नहीं किया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के पालन में अन्य राज्यों ने होमगार्ड को पुलिसकर्मियों के समान ही वेतन भत्ते मंजूर कर दिए हैं। इसलिए अदालती आदेश का पालन करवाया जाए।

## 'थप्पड़ कांड की जांच सरकार की जिम्मेदारी'

**जयपुर।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि थप्पड़ कांड के बाद समरावता गांव में पुलिस के द्वारा किए गए हमले के बाद गांव वालों का जो नुकसान हुआ उसका मुआवजा देने और सारे प्रकरण की न्यायिक जांच सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार इससे पीछे हट रही है, जबकि सरकार के मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा मान चुके हैं कि इस मामले में पुलिस ने टारगेट करके वाहनों में आग लगाई है।

# भारत-जापान के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान से बढ़ी आपसी समझ : वासुदेव देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जापान यात्रा के दौरान सोमवार को टोक्यों में भारत के एम्बेसडर सी.बी. जार्ज से मुलाकात की। देवनानी ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय राजदूत जॉर्ज के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर संवाद किया। उनसे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा भी की। जापान के साथ सेमीकंडक्टर, तकनीक, ऑटोमोबाइल के साथ ही भविष्य की योजनाओं में पर्यटन पर भी निवेश और एक्सचेंज प्रोग्राम पर विचार- विमर्श किया। देवनानी को जार्ज ने राजदूत कार्यालय का अवलोकन कराया। देवनानी ने वहां अधिकारियों से परिचय किया। देवनानी ने जापान में प्रवासी भारतीयों द्वारा चलाये जा रहे उद्योग-धन्धों, लोगों की आर्थिक स्थिति, रोजगार सहित शिक्षा, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यटन और आध्यात्मिक बिन्दुओं पर चर्चा की।

टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सोमवार को आयोजित राजस्थान और उत्तरप्रदेश के कैंसिलेशन दिवस समारोह में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत और जापान के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने आपसी समझ और दोस्ती को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भौगोलिक दूरी के बावजूद ऐतिहासिक संबंध, साझा मूल्य और सहकारी पहली से दोनों देशों के सबंधों में प्रगाढता बढ़ी है। जापान फाउंडेशन और जापान-इंडिया ऐसोसिएशन ने भाषा कक्षाओं, कार्यशालाओं और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाये हैं। देवनानी ने कहा कि भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक संबंध छठी शताब्दी से है। दोनों देशों के मध्य सबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्य, मानवाधिकार, बहुलवाद, खुले समाज और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है। आधुनिक सदर्भ में भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और जापान के स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण ने रणनीतिक अभिसरण से अधिक सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि जापान में बढ़ते भारतीय समुदाय की उपस्थिति उल्लेखनीय है। टोक्यो में निशिकासाई जैसे क्षेत्रों में एक मिनी इंडिया उभर रहा है। जहां आईटी विशेषज्ञ और इंजीनियर सहित अनेक विषयों के विशेषज्ञ रह रहे है। जापान में भारतीय स्कूलों एवं अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना से भी संबंधों में मजबूती आयी है। इस अवसर पर पर्यटन और शौर्य के प्रतीक राजस्थान पर वृत्त चित्र दिखाया गया। इसमें चित्तौडगढ़, उदयपुर, जोधपुर, कुम्भलगढ़ और रणथम्भौर सहित विभिन्न किलो को प्रदर्शित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जापान के सबसे ऊँचे पर्वत माउंट फूजी से टोक्यो के प्राकृतिक सौन्दर्य को निहारा। यह पर्वत टोक्यो-योकोहामा महानगरीय क्षेत्र से लगभग 60 मील पश्चिम में, मध्य होन्शू केयामानाशी और शिजुओका केन प्रान्त में प्रशात महासागर तट के पास 12,388 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। इसके लंबे ज्वालामुखीय इतिहास और ऊँचाई इसे प्राकृतिक सौंदर्य के साथ सांस्कृतिक महत्व भी प्रदान करते है।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा करके बुधवार को जयपुर पहुंचेगे। देवनानी बुधवार सांय टोक्यो से नई दिल्ली होते हुए वायुयान द्वारा जयपुर पहुंचेगे।

- बुधवार को जयपुर पहुंचेगे देवनानी



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जापान यात्रा के दौरान सोमवार को टोक्यों में भारत के एम्बेसडर सी.बी. जार्ज से मुलाकात की।

## सफाई कर्मियों की भर्ती को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की मांग

**जयपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक ने सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती में कुछ त्रुटियों को दूर कर भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में बताया कि आपने 185 नगर निकायें में 24820 सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती निकाली है परंतु यथार्थ में कुछ खामियों को दूर कर आवेदन तिथि को 20 नवंबर तक बढ़ा दिया जाये तो इसके यथार्थ परिणाम आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में अभ्यर्थियों से 1 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है। वाल्मीकि समाय के अतिरिक्त किसी भी जाति के व्यक्ति ने किसी सफाइ संवेदक के अधीन मात्र 6-7 हजार रुपये मासिक वेतन में पूरे राज्य में सफाई कार्य नहीं किया है लेकिन गैर वाल्मीकि सभी जातियों के भारी संख्या में अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जा रहे हैं। ये प्रमाण पत्र टोकन के आधार पर बनाये जा रहे हैं, जिससे वालमीकि समाज के व्यक्ति महरूम हैं। इसके चलते इस भर्ती में 1500 करोड़ रुपये का घोटाला होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र में छूट दी जाये। गैर वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों से पीएफ/ईएसआई की कटौती व वेतन भुगतान का स्टेटमेंट अनिवार्य किया जाये।





राजधानी जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक ''राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट'' होगी, जिसमें कई देशों के मेहमान यहां आएंगे। देशी-विदेशी पावणों को गुलाबी नगरी की खूबसूरती नजर आये, इसके लिये नगर निगम और जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में विकास कार्य और सजावट की जा रही है। इसी कड़ी में हैरिटेज नगर निगम ने बड़ी चौपड़ से चांदी की टकसाल की ओर जाने वाले रास्ते पर हवामहल के सामने आकर्षक पेड़ लगाये हैं। हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने स्वयं देर रात परकोटा क्षेत्र का दौरा कर नगर निगम की उद्यान शाखा द्वारा लगाये गये पेड़ों का निरीक्षण किया।